हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री


ग्राम पंचायतों में पलायन पंजी का करें संधारण : कलेक्टर

4





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## दो और आरोपी गिरफ्तार, पांच पहुंचे सलाखों के पीछे

# फर्जी दस्तावेज़ों से वाहन फाइनेंस करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अपराध चाहे कितना भी शातिराना क्यों न हो उसके तार कितने ही उलझे क्यों न हों कानून की पकड़ से बच पाना नामुमकिन है।

■ 10 बुलेट और एक स्कूटी जब्त

कूटरचना कर फाइनेंस कंपनियों को ठगने वाले शातिर गिरोह के दो और फरार सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही अब तक पाँच आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। पुलिस ने पहले ही 10 बुलेट और एक स्कूटी जब्त कर मामले में बड़ा खुलासा किया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**ऐसे बेनकाब हुआ ठगी का जालः** पूरा मामला तब उजागर हुआ जब आशीष शर्मा 26 वर्ष, निवासी कोतबा ने चौकी में लिखित शिकायत दी। उनके पास अचानक वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट सीजी 29 एजी 1344 कोरियर से पहुँचा। रजिस्ट्रेशन दिनांक 06 फरवरी 2024 और चेचिस नंबर व इंजन नंबर दर्ज थे। दस्तावेज़ देखकर आशीष दंग रह गए क्योंकि उन्होंने न तो कोई गाड़ी खरीदी थी और न ही किसी फाइनेंस कंपनी में कागज जमा किए थे। दरअसल, उनकी स्कूटी की डिक्की से चोरी हुए दस्तावेज़ गिरोह के हाथ लग गए थे। इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस कंपनी से बुलेट मोटरसाइकिल का फर्जी फाइनेंस कराया गया और वाहन को आगे बेच दिया गया।

**मुख्य आरोपी पहले से जेल मेंः** जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह का मास्टरमाइंड शाहरूख खान 26 वर्ष, खोरमा, थाना प्रतापपुर, जिला सूरजपुर और उसका साथी वसीम अकरम 40 वर्ष, निवासी रसूलपुर, अंबिकापुर चोरी किए दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे थे। इनके साथ बुलेट शोरूम मैनेजर मनीष डेविड निवासी तलवापारा, बैकुंठपुर भी शामिल था। ये तीनों शातिर मिलकर लोगों के नाम पर फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर वाहनों का फाइनेंस कराते और फिर उन गाड़ियों को बेचकर ठगी की रकम हड़प लेते। पुलिस पहले ही इन तीनों को जेल भेज चुकी है और उनके कब्जे से 10 बुलेट और एक स्कूटी जब्त की जा चुकी है।

**फरार आरोपी भी आए शिकंजे मेंः** इस गिरोह की जांच में दो और नाम सामने आए जिसमें वज्जाद अली उर्फ सोनू खान (29 वर्ष), 2. शोएब जाफर (37 वर्ष) दोनों निवासी सदर रोड, बरेज पारा, कदम्बी चौक, अंबिकापुर, जिला सरगुजा है। ये दोनों ठगी से निकली मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री में शामिल थे और पुलिस की पकड़ से महीनों तक बाहर थे। जशपुर पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर, तकनीकी टीम की मदद ली और आखिरकार अंबिकापुर से दोनों को धर दबोचा। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक बृजेश यादव के साथ प्रधान आरक्षक अजय खेस, आरक्षक अभय चौबे, बूटा सिंह, अमित साय और दीपक टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**अपराधियों पर कड़ी करवाई हैः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि कोतबा क्षेत्रांतर्गत कूटरचना कर वाहनों का फाइनेंस कराने और उन्हें बेचने वाले गिरोह के पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस ने अब तक 10 बुलेट व एक स्कूटी बरामद की है। इस तरह के अपराधियों पर जशपुर पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है।



हिमालय की ओर रवाना जनजातीय पर्वतारोहण टीम।

# जनजातीय युवा चले हिमालय फतह करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के पर्वतारोहण इतिहास में आज एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। जिले के पांच जनजातीय युवा पर्वतारोही हिमाचल प्रदेश स्थित दुहंगन ग्लेशियर क्षेत्र के लिए रवाना हो गए हैं। यह 18 दिवसीय उच्च हिमालयी प्रशिक्षण और पर्वतारोहण अभियान न केवल रोमांच और साहस की परीक्षा है, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विज़न का भी हिस्सा है जिसमें उन्होंने जनजातीय युवाओं को नए अवसरों से जोड़ने और वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प लिया है।

■ मुख्यमंत्री के विज़न का हिस्सा बना ऐतिहासिक अभियान

### जशपुर की मिट्टी से निकलकर हिमालय की ऊंचाइयों तक

टीम में शामिल साजन टोप्पो, संजीव कुजूर, प्रतीक एक्का, मनीष नायक और अजीत लकड़ा सभी जशपुर की ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधित मामले, साफ- सफाई, अधोसंरचना निर्माण, रोजगार सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल का पौधरोपण



**जशपुरनगर।** जीवन झरना विकास संस्था के तत्वावधान में ब्लॉक स्तर पर जीवन झरना द्वारा चयनित पर्यावरण महिला मित्रों की सक्रिय भागीदारी के साथ भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निथलेस पैकरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी फरसाबहार थे। इस अवसर पर आठ पंचायत खुटगांव, हेटघिचा, बंगानव, मेंढरबहार, भागोरा, कुम्हारबाहर, भोखी, पगुराबहार ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, वार्ड सदस्य, ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संस्था की संचालिका सिस्टर एनी ने महिला लीडरों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "आज पौधरोपण केवल प्रकृति की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन की आधारशिला है।"कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर पौधों का रोपण किया और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन महिलाओं की पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी को बढ़ावा देने तथा समाज में हरियाली के महत्व को रेखांकित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम धान्धअम्बा, निवासी स्व.केटी बाई का सांप के काटने से 29 मई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति भोदलो राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 9362.5 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से अब तक 9362.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 08 सितम्बर तक की स्थिति में 8920.4 मिमी औसत वर्षा हुई है।

# मृतक के शव पर राजनीति करना गलत : प्रबल

**जशपुरनगर/महादेवडांड।** जिले के जुरूडाड बगीचा में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में अरविंद केरकेट्टा पिता टोबियस, 19 वर्ष, विपिन प्रजापति पिता देवनारायण, 17 वर्ष, खिरोवती यादव पिता हरीश, 32 वर्ष एवं डमरूधर यादव पिता पुश्तम, 50 वर्ष की मृत्यु हो गई तथा अनेक लोग घायल हुए।

यह घटना अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने जुरूडाड पहुंचकर मृतक परिवारों एवं घायलों से भेंट की, परिजनों को सांत्वना दी एवं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस कठिन घड़ी में उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा और सरकार हर संभव सहयोग पीड़ित परिवारों को प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रु.की आर्थिक सहायता तथा घायलों के लिए 50 हजार रुपए की राशि तत्काल उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है।



मृतक व घायलों के परिजन को सांत्वना देते प्रबल।

### कांग्रेसी नेताओं द्वारा भड़काने का प्रयास

इस दौरान पीड़ित परिवारों ने दुख प्रकट करते हुए बताया कि अंतिम संस्कार के समय कांग्रेस नेताओं ने उन्हें भड़काने का प्रयास किया और शवों को सड़क पर लाकर 50 लाख रुपए दिलाने का प्रलोभन दिया। इस पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जूदेव ने कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए कहा – यह राजनीति का सबसे घृणित और अमानवीय चेहरा है। मृतक के शव पर राजनीति करना नीचता की पराकाष्ठा है। कांग्रेस पार्टी को इस कृत्य पर मृतक परिवारों और समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि भाजपा परिवारजन के दुख में सहभागी है और हर जरूरत की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है।इस दौरान प्रबल प्रताप सिंह जुदेव के साथ जशपुर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, बगीचा जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी, संकर गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रित्विक जैन, शुभम बंसल, अजय सोनी, भीतरघरा उसरपंच शिवा यादव, वरूण जैन, राजकिशोर जयसवाल, पवन सिंह, हरीश आरीक, बेनुधर यादव, दुर्गेश शर्मा, केशव यादव, आदि भी उपस्थित रहे।

# बगीचा हादसा, 5 लाख के मुआवजे पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

2 सितंबर की रात जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के जुरूडांड गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा भयानक हिट एंड रन हादसे में बदल गई। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालु अचानक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की चपेट में आ गए। भगदड़ और चीख-पुकार के बीच सड़क पर लाशें और घायल तड़पते रहे।

■ 50 लाख दो, वरना जेल भरो आंदोलन होगा

इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत और 22 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने सड़क पर ही शव रखकर न्याय और उचित मुआवजे की मांग की। लेकिन प्रशासनिक अमला घंटों तक मौके पर नदारद रहा। कांग्रेस नेताओं ने इसे प्रशासन की "संवेदनहीनता और जनविरोधी नीति" करार दिया। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रुप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी जरिता लेफ्तलांग, जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, पूर्व विधायक विनय भगत, नगर पंचायत कुनकुरी के अध्यक्ष विनयशील गुप्ता, डीडीसी आशिका कुजूर, सहस्त्रांशु पाठक, अनोज गुप्ता, नासीर अली, मनोरा जनपद पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर भगत, अनिल किसपोट्टा, जयंत लकड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।



प्रेसवार्ता करते कांगेसी।

### इंसान की जान की कीमत 5 लाख : यादव

जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव ने हमला बोलते हुए कहा कि वर्ष 2021 में पत्थलगांव हादसे में तत्कालीन भूपेश सरकार ने मृतक को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया। बगीचा में हुई इस भयावह घटना में भाजपा सरकार ने केवल 5 लाख रुपये देकर पीड़ितों का अपमान किया। घायलों को मेडिकल कॉलेज की बजाय निजी अस्पताल भेजना, जशपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलता है।

### जेल भरो आंदोलन होगाः जरिता

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी जरिता लेफ्तलांग ने साफ किया कि भाजपा सरकार ने इंसान की जान की कीमत मात्र 5 लाख रुपये बताकर साबित कर दिया कि उनके लिए जनता की कोई अहमियत नहीं। हमारी महिला पदाधिकारी को शाम 5 बजे के बाद बिना महिला पुलिसकर्मी के थाने ले जाया गया, यह कानून का उल्लंघन है। कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी। हम जमानत नहीं लेंगे, जेल भरो आंदोलन करेंगे।

### जनता की आवाज दबाने की कोशिशः भगत

पूर्व विधायक विनय भगत ने आरोप लगाया कि ग्रामीण न्याय की मांग कर रहे थे। कांग्रेस उनके साथ खड़ी रही। लेकिन भाजपा सरकार ने जनता की आवाज दबाने के लिए 12 नेताओं पर फर्जी एफआईआर दर्ज कर दी। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

# जिले के छात्रावास व आश्रमों के कर्मचारी नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित विभागीय छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने आखिरकार सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल बजा दिया।

लंबे समय से शासन-प्रशासन के दरवाजे खटखटाने के बावजूद जब उनकी जायज मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो सैकड़ों कर्मचारी एकजुट होकर कामकाज ठप कर आंदोलन पर बैठ गए। कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया था कि वर्ष 1996 और 1999 के शासनादेशों तथा 2012 ⏭ शेष पेज 4 पर



धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**कर्मचारियों ने रखी पांच प्रमुख मांगेः** छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने मांग किया है कि लंबे समय से कार्यरत कलेक्टर दर एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण किया जाए। मौखिक आदेश से काम कर रहे दैनिक वेतनभोगियों को कार्यानुभव के आधार पर विधिवत नियुक्ति पत्र दिया जाए। नियमित कर्मचारियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए। हायर सेकंडरी उत्तीर्ण भृत्यों को सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नत किया जाए। दैनिक मजदूरी दर पर नई नियुक्तियों पर रोक लगाई जाए।

### कर्मचारी बोले अब आर पार की लड़ाई होगी

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि शासन की उदासीनता के कारण उनका धैर्य जवाब दे चुका है। "हम वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज भी हमें स्थायित्व और सम्मानजनक वेतन नहीं मिल पा रहा। परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है। अब संघर्ष ही एकमात्र विकल्प बचा है।

### कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हड़ताल से पूर्व कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सभी बिंदुवार समस्याओं की जानकारी दी थी। ज्ञापन पर संघ के संरक्षक रामा राम, सलाहकार उमरुधर यादव, महामंत्री लीलाधर यादव, संगठन मंत्री उलेश्वर सिंह, मीडिया प्रभारी आनंद कुमार यादव समेत अन्य पदाधिकारी ज्ञापन सौपने में शामिल थे।

### करंट से वयस्क दंतैल की मौत

**रामानुजगंज।** वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम महावीरपुर में बीती रात एक दंतैल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से वन अधिकारियों एवं ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात वन मण्डलाधिकारी आलोक बाजपेयी, उप वन मण्डलाधिकारी अनिल सिंह एवं एसडीएम आनंद नेताम वन एवं राजस्व अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं स्थितियों का जायजा लिया। वन अधिकारी प्रथम दृष्टया दंतैल की मौत करंट से होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वन विभाग के लगातार हाथियों निगरानी करने के दावे के बावजूद मानव हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा हैं। बताया जा रहा है वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत रजखेता जंगल में भ्रमण कर रहा दंतैल शुक्रवार को रामानुज जंगल में दाखिल हुआ था।

# एनएचएम कर्मियों का काला दिवस



धरना स्थल पर काला पोशाक पहनकर पहुंचे एनएचएम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोमवार को आंदोलन के 18वें दिन कर्मचारियों ने काला कपड़ा पहनकर काला दिवस मनाया। ढोल-नगाड़ों और पटाखों के बीच सैकड़ों कर्मचारी नारेबाजी करते हुए धरना स्थल से रैली निकाल कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचे और सामूहिक इस्तीफा सौंपकर यह साफ कर दिया कि वे किसी भी टर्मिनेशन से डरने वाले नहीं हैं।

■ ढोल-नगाड़ों के साथ रैली निकाल कर सीएमएचओ को सौंपे इस्तीफे

### चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

18 अगस्त से जारी हड़ताल का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण अंचलों में दिख रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ताले लटके हैं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों का कोई पूछने वाला नहीं।जिला अस्पताल तक में पंजीयन काउंटर से लेकर ओपीडी बंद हैं। टीकाकरण, प्रसव और आपात सेवाएं तक प्रभावित हो चुकी हैं। कुडूकला गांव के बुजुर्ग किसान ने बताया कि बुखार में बच्चा तड़प रहा था, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से दवा नहीं मिली। मजबूरी में निजी डॉक्टर के पास जाना पड़ा।

### डराएंगे तो इस्तीफा देंगे

जिले के 800 से ज्यादा एनएचएम कर्मचारियों ने इस्तीफे सौंपते हुए कहा कि हम पर दंडात्मक कार्रवाई की तलवार लटकाकर डराने की कोशिश हो रही है। लेकिन हम न डरेंगे, न झुकेंगे। जरूरत पड़ी तो खुशी-खुशी नौकरी छोड़ देंगे। शासन ने हड़ताल तोड़ने के लिए कर्मचारियों को काम पर लौटने का नोटिस थमा दिया है। साथ ही कई पदाधिकारियों को निलंबित भी कर दिया गया है। लेकिन कर्मचारियों ने इसे दबाव की राजनीति करार देते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न देव बघेल ने कहा कि हमारी चार प्रमुख मांगें नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27 प्रतिशत लंबित वेतनवृद्धि और अनुकंपा नियुक्ति—पूरी हुए बिना हड़ताल खत्म नहीं होगी। सरकार अब आश्वासन नहीं, लिखित आदेश दे।

### सामूहिक इस्तीफा अंतिम चेतावनी

जिले के 864 एनएचएम कर्मी पिछले 18 अगस्त से डटे हुए हैं। उनका कहना है कि यह सामूहिक इस्तीफा सरकार के लिए अंतिम चेतावनी है। अगर उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे।

## कार्यशाला में पहुंचे विधायक व दिग्गज नेता

# सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यशाला में संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय और पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक की विषयवस्तु को विस्तृत रूप में जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने रखा तथा संचालन जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने किया।




कार्यशाला में उपस्थित विधायक रायमुनी व गोमती साय।

### बीजेपी चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करतीः सिंह

संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। सेवा ही संगठन का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, और हमें इसे गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए।

### सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य कार्यक्रम आयोजित करना नहीं:गोमती

पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के जरिए हम जनहित को मजबूत कर सकते हैं।

### सेवा समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीकः रायमुनि

जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि जशपुर जिला संस्कारों और सेवा भावना के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां के कार्यकर्ताओं को और भी अधिक जिम्मेदारी लेकर काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएँ और हर गांव तक सेवा का संदेश पहुंचाए।

### हम गरीब, वंचित एवं जरूरत मंद तक पहुंचेः सालिक

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा हमें अवसर देता है कि हम गरीब, वंचित और जरूरतमंद तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने से भाजपा की पहचान और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपनी पंचायत में कम से कम एक सेवा कार्य की जिम्मेदारी अवश्य लेनी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने किया कवच के पार पुस्तक का विमोचन

**अंबिकापुर।** युवा लेखक प्रशांत चतुर्वेदी की नई कृति कवच के पार का विमोचन रविवार को सीतापुर स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने लोकार्पण किया जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार गुप्ता एवं मोहन बंसल मौजूद रहे। यह प्रशांत चतुर्वेदी की दूसरी पुस्तक है। इससे पूर्व उनका यात्रा संस्मरण स्वर्ग की अनुभूतिः केदारनाथ यात्रा प्रकाशित हो चुकी है। नया उपन्यास आत्म खोज, त्याग और प्रेम जैसे गहन विषयों पर केंद्रित है, जिसमें प्रमुख पात्र सूरज की जीवन यात्रा हर व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष का प्रतीक है। विमोचन के बाद कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ जिसमें श्रीमती मधु गुप्ता, कृष्ण मोहन निगम, श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती अनिता तिवारी और प्रकाश गुप्ता ने काव्य पाठ किया। संचालन सुशील मिश्रा ने किया तथा आभार प्रिया चतुर्वेदी और प्राची चतुर्वेदी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर सीटी ब्लास्ट से घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

**बिश्रामपुर।** रविवार को बिश्रामपुर स्थित 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत इनकमिंग 132 केवी लाइन का करंट ट्रांसफार्मर सीटी में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। विस्फोट की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए,घटना से पूरे उपकेंद्र में अफरा-तफरी मच गई,लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई,इस ब्लास्ट के बाद उपकेंद्र से निकलने वाली सभी 33 केवी लाइनें बंद हो गईं,इसके कारण बिश्रामपुर शहर समेत दर्जनों गांवों में पूरी तरह विद्युत सप्लाई बाधित हो गई।बिजली कटने से घरों में रोजमर्रा का काम प्रभावित हो गया,बाजारों में काम प्रभावित हो गया और इंटरनेट सेवा भी बाधित हो गई, इसमें ज्यादातर छोटे व्यवसायियों और दुकानदारों को खासा नुकसान उठाना पड़ा,धमाके की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात इंजीनियरों और कर्मचारियों ने कंट्रोल रूम को सूचित कर आपातकालीन मरम्मत कार्य शुरू किया,ब्लास्ट से निकली चिंगारियों के कारण उपकेंद्र परिसर में आग लगने का खतरा भी था,लेकिन कर्मचारियों की सतर्कता से हालात काबू में आ गए,घंटों बाद आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी है,तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि सीटी करंट ट्रांसफार्मर बिजली की माप और सुरक्षा का अहम उपकरण है,इस तरह का ब्लास्ट आमतौर पर अधिक लोड,पुरानी उपकरण प्रणाली,नमी या समय पर निरीक्षण न होने के कारण होता है,सूत्र बताते हैं कि बिश्रामपुर उपकेंद्र की कई मशीनें और उपकरण पुराने हो चुके हैं,जिनकी बदहाली बार-बार तकनीकी खराबी का कारण बन रही है,बिजली विभाग के अनुसार उक्त घटना सीटी के ओवरहीटिंग और तकनीकी फॉल्ट के कारण हुई है।



### संकुल केंद्र मेहंदी में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**राहौद।** संकुल केंद्र मेहंदी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास बारगां, गुडीपारा मेहंदी हरदीपारा मेहंदी,सड़क पारा मेंहदी क्रमांक एक क्रमांक 2 मेहंदी एवं शासकीय हाई स्कूल मेंहदी मैं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम रथराम जांगड़े अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तैल चित्र में धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात केक काटकर खुशियां मनाई गई। स्कूली बच्चों ने गुरु महिमा का बखान कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को व्यक्त किया।



विसर्जन केदौरान गणेश प्रतिमा की आरती करते समिति के सदस्य।



कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासी।

### देर रात तक चलता रहा विसर्जन

# अनंत चतुर्दशी पर सांस्कृतिक संध्या गणेश झांकियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- घड़ी चौक में देर रात तक चलता रहा सांस्कृतक आयोजन

बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति ट्रस्ट द्वारा अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विवेकानंद चौक पर भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर में विगत 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का समापन पर्व रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की वंदना से हुआ। गायिका बबिता विश्वास एवं गायक बृजेश शर्मा और उनकी टीम ने भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में विष्णु एवं टीम द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव के स्वरूप में शिव तांडव नृत्य ने संध्या को ऊर्जामय बना दिया। विशेष आकर्षण रही जबलपुर की पारंपरिक झांकियाँ, जिन्होंने गणेश भक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। नगर के विभिन्न पंडालों से निकली गणपति झांकियां रैली के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुँचीं और श्रद्धालुओं को भगवान गणेश के अद्भुत स्वरूप के दर्शन कराए।



कार्यक्रम में समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया, नीलेश सिंह, राजीव अग्रवाल, गोल्डी बिहाड़े, हरमिंदर सिंह टिन्नी, मनीष सिंह, राजेश सिंह एवं समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह एवं उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी झांकियों एवं आयोजक पंडालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति द्वारा घोषणा की गई कि गणेशोत्सव के दौरान नगर के पंडालों का मूल्यांकन किया गया है तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार 14 सितम्बर, रविवार को प्रदान किए जाएंगे। भव्य आयोजन में विशेष रूप से मेजर अनिल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता, बाल कृष्ण पाठक जिला अध्यक्ष कांग्रेस, मंजूषा भगत महापौर, विश्व विजय सिंह तोमर अध्यक्ष युवा आयोग, निरूपा सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, दिव्या सिंह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा वरिष्ठ भाजपा नेता, शफी अहमद नेता प्रतिपक्ष, विद्यानंद मिश्रा ,हरपाल सिंह भामरा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मधुसूदन शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष, जन्मेजय मिश्रा, विनोद अग्रवाल, प्रकाश राय, विवेक दुबे, निश्चल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, संजय अंबष्ट, अंबिकेश केशरी, कमलेश तिवारी, अजय सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## आतिशबाजी और जयकारों के बीच गणपति बप्पा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बिश्रामपुर और आसपास का क्षेत्र शनिवार देर शाम से भक्ति, उत्साह और उल्लास में डूबा रहा, मुख्य बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण तथा जयनगर बाजारपारा में विराजित गणपति प्रतिमाओं का भव्य शोभायात्रा और आतिशबाजी के बीच शनिवार को रेण नदी में विधिवत विसर्जन किया गया, इसके साथ ही दस दिनों तक चले गणेशोत्सव का मंगलमय समापन हुआ,शनिवार को शाम ढलते ही विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से शुरू हुई, विभिन्न मोहल्लों से निकलती झांकियां ढोल-ढमाकों,डीजे की धुन और गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से गूंज उठीं। रंग-बिरंगी रोशनी और पटाखों की चमक से पूरा नगर जैसे जगमगा उठा,श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक सड़कों पर उमड़ती रही, रेड़ नदी तट पर पहुंचने के बाद प्रतिमाओं का क्रेन की मदद से विधिवत विसर्जन किया गया, प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी की थी,नदी किनारे पुलिस बल तैनात रहा,वहीं किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की टीम भी मुस्तैद रखी गई थी,यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर के मुख्य मार्गों पर पुलिस जवान तैनात किए गए थे।ज्ञात हो कि गणपति बप्पा के विसर्जन से पूर्व पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना, हवन और पूर्णाहुति की गई। भक्तों ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच बप्पा से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भावुक माहौल में गणपति को विदाई दी। अनंत चतुर्दशी पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आतिशबाजी, संगीत और जयकारों ने माहौल को अविस्मरणीय बना दिया।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन



**रजपुरीकला।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर ग्राम पंचायत सिरकोतंगा में बाबा विश्वनाथ मंदिर समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। इस बीच गांव के लोगों ने पारंपरिक मादर व ढोल नगाड़ों की धुन में झूमते नाचते नजर आए। ग्राम पंचायत सिरकोतंगा गांव में बाबा विश्वनाथ मंदिर समिति और ग्राम पंचायत सिरकोतगा ने इस वर्ष भी गणपति बप्पा का 11 दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। अनंत चतुर्दशी तक 11 दिनों तक गांव में भक्ति, भजन और भंडारे का सिलसिला चलता रहा और फिर परंपरा अनुसार छोटा तालाब में बप्पा का विसर्जन भक्ति मय माहौल में हुआ। इस बीच शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बादर की थाप पर महिलाएं ,पुरूष व बच्चे नाचते-गाते नजर आए। इस दौरान राजेश राजवाड़े, पवन राम राजवाड़े, देवी चरण राजवाड़े, माणिकचंद राजवाड़े, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, सुधीर राजवाड़े, सूरज प्रसाद राजवाड़े, अमर राजवाड़े, देवनाथ राजवाड़े, जगन्नाथ राजवाड़े, भीख नाथ राजवाड़े, गोकुल प्रसाद राजवाड़े, रामलाल राजवाड़े, रविन्द्र राजवाड़े, सुब्रन राजवाड़े, राहुल, सहबर, सुलोचन राम, उर्मिला रजवाड़े, पुष्पा राजवाड़े, सुशीला राजवाड़े, शांति राजवाड़े, कृष्णा राजवाड़े, मंजू राजवाड़े सहित ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नगर में धूमधाम से किया गया गणपति विसर्जन

**लखनपुर।** नगर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणेश पूजन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दस दिनों तक लोग गणपति बाप्पा की भक्ति में लीन रहे। गणेश पूजन के दौरान विभिन्न समितियों द्वारा पंडालों को सजाया गया था और भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस दौरान लगातार दस दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना और हवन चला। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया। वार्ड क्रमांक 9 में गणेश भगवान का विशेष रूप से पंडाल सजाया गया था। इसी तरह साप्ताहिक बाजार के पास रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दस दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद धूमधाम से विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान बैंड बाजा, करमा सुगा व सैला नृत्य किया गया। लगातार बारिश के बाद भी गणेश विसर्जन धूमधाम से किया गया व जमकर आतिशबाजी की गई। स्थानीय देवतालाब एवं महामाया मंदिर स्थित तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वार्ड क्रमांक 9 में प्रमुख रूप से अभिषेक साहू, अभिमन्यु साहू, अभिषेक प्रजापति, अमित साहू, रितेश आकाश, प्रेम, विनय प्रजापति, गौरव यादव एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कर्मचारी से मारपीट, कांग्रेस ने किया मंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पर कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप द्वारा सर्किट हाउस जगदलपुर के कर्मचारी खितेन्द्र पांडे के साथ मारपीट और अपशब्दों के प्रयोग के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने घड़ी चौक पर मंत्री का पुतला दहन करते हुए उनके मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी की मांग की है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि एक ऐसा व्यक्ति जो एक कर्मचारी की भावना को नहीं समझ पा रहा है, उंसे प्रताड़ति कर रहा है, उसे जातिसूचक गाली दे रहा है को प्रदेश सरकार में मंत्रिपरिषद में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस मुख्यमंत्री से इनकी तत्काल बर्खास्तगी की मांग करती है। कांग्रेस ने बताया कि शनिवार शाम की इस घटना में मंत्री द्वारा सर्किट हाउस के कर्मचारी पर यह आरोप लगाते हुए कि उसने कमरे नहीं खोले उसके साथ मारपीट की और मां-बहन की गालियों के साथ जातिसूचक गालियां दी गई। पुलिस को दिए दिये अपने आवेदन में इस कर्मचारी ने यह जिक्र किया है कि कमरे खुले हुए थे और वो नाश्ता बनाने गया हुआ था। इसके बावजूद मंत्री के द्वारा उंसे थप्पड़ों के साथ ही जूतों से भी मारा गया। इस दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, दुर्गेश गुप्ता, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, श्रीमती सीमा सोनी, संजीव मंदिलवार, रसीद अहमद, गीता प्रजापति, अनूप मेहता, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धू, शंकर प्रजापति, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, निक्की खान, आशीष जायसवाल, आशीष शील, प्रीति सिंह, विष्णु सिंहदेव, जीवन यादव, अविनाश कुमार, परवेज आलम गांधी, शकीला सिद्धकी आदि मौजूद थे।



### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दी तीखी प्रतिक्रिया

इस घटना पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ट्विटर पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है कि यह घटना सत्ता के अहंकार और असंवेदनशीलता को उजागर करता है। उन्होंने सवाल उठाया है कि भाजपा सरकार में कर्मचारियों की इज्जत और सुरक्षा मायने नहीं रखती। जब कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो जनता क्या सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में जनता की सेवा करने वालों के साथ दुर्व्यवहार अस्वीकार है। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से पूछा है कि ऐसे मंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी या सत्ता के दबाव में मामले को दबा दिया जाएगा।

### कुमदा में अवैध पेड़ कटाई के दौरान हाईटेंशन तार पर गिरी बड़ी टहनी

**बिश्रामपुर।** रविवार को कुमदा सिविल ऑफिस के पीछे उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने अवैध रूप से पेड़ काटा और वह सीधे हाईटेंशन लाइन पर जा गिरा,सोमवार को मरम्मत कार्य पूरा होने की बात कही जा रही है,गौरतलब है कि एसईसीएल की लीज भूमि पर प्रबंधन द्वारा लगाए गए यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई इन दिनों युद्धस्तर पर चल रही है।अलग अलग गुट के लोगों द्वारा कथित रूप से प्रबंधन व सुरक्षा अमले की मिलीभगत से अवैध पेड़ कटाई का कार्य किया जा रहा है,घटना से न केवल बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई बल्कि उद्योग से जुड़े कार्यों को भी बाधित कर दिया,स्थानीय लोगों कहना है कि आखिर बिना रोक-टोक पेड़ों की अवैध कटाई कैसे और किसकी सह पर हो रही हो रही है, यह एक बड़ा सवाल है।सड़क पर पेड़ व हाइटेंशन लाइन के टूटकर गिरने से आवागमन बाधित हो गया।

## गोबरी नाला पर अस्थायी रपटा निर्माण का कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

- अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

**अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड की जीवनरेखा कही जाने वाली गोबरी नदी पर निर्माणाधीन अस्थायी रपटा पुल का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का विस्तार से जायजा लेते हुए लोक निर्माण सेतु विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण में तेजी लाई जाए और कार्य को हर हाल में शीघ्र पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने पुल निर्माण में लगे तकनीकी अमले और जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनहित से जुड़ा हुआ है और इसकी प्राथमिकता सर्वोच्च स्तर पर है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि भारी वर्षा के कारण दो माह पूर्व गोबरी नाला का पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते खुटरापारा, डबरीपारा, गंगोटी, बांसापारा सहित 10 से अधिक ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीण आवागमन में कठिनाई का सामना कर रहे थे। रोजमर्रा की जरूरतें, बच्चों की शिक्षा और मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा था। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से भी चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि अस्थायी रपटा निर्माण शीघ्र ही पूर्ण होगा, जिससे आवागमन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर बराबर ध्यान दिया जाए। अस्थायी रपटा पुल के शीघ्र तैयार हो जाने से डुमरिया से गंगोटी मार्ग पर यातायात बहाल होगा और हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।



# लुत्ती बांध के प्रभावितों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- सर्व आदिवासी व खैरवार समाज ने किया प्रदर्शन, चक्का जाम

लुत्ती बांध हादसे में जान गवाने वाले सात लोगों को मुआवजा देने सहित दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के साथ ही खैरवार समाज ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम के नाम पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि तातापानी के समीप स्थित ग्राम धनेशपुर स्थित लुत्ती बांध 2 सितम्बर की रात फूट गया था। बांध फूटने से आए सैलाब में तीन घर बुरी तरह से चपेट में आ गए थे। इस घटना में 61 वर्षीया बतसिया पति राम वृक्ष, उसकी गर्भवती बहुओं 35 वर्षीया चिंता पति सजीवन सिंह, 38 वर्षीया रजन्ती पति गणेश सिंह और 6 वर्षीया प्रिया आ. सजीवन, 6 वर्षीय बालक कार्तिक आ. गणेश, 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह व 3 वर्षीया वंदना सिंह की मौत हो गई थी। इसके साथ ही किसानों की फसल तबाह हो गई। मवेशी बाढ़ में बह गए। इस घटना को लेकर खैरवार समाज के साथ ही सर्व आदिवासी समाज ने रविवार को आर्थिक नाकेबंदी और चक्का जाम का आयोजन किया गया। तातापानी में समाज के लोगों ने एक घंटे तक धरना प्रदर्शन करने के साथ ही चक्का जाम किया। इस चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समझाईस देकर मामला शांत कराया। इस दौरान समाज की ओर से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। आदिवासी समाज व खैरवार विकास परिसद की मांग है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को जांच करने तत्काल निलंबित करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक मृतक परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं घायल को कम से कम पांच पांच लाख रुपये प्रदान किया जाए। एक ही घर में 6 सदस्यों का परिवार खत्म हुआ है उनमें से एक लड़की बच्ची व दो बेटे बचे हैं उन सदस्यों को चतुर्थ श्रेणी का नौकरी दिया जाए। दुर्घटना में कई लोगों का घर बह गया कुछ लोगों का घर पानी घुसने से घर रहने लायक नहीं रहा जिनका घर टूट कर बर्बाद हुआ उनका घर प्रशासन तत्काल निर्माण करके दे। ग्राम लुत्ती का बांध टूटने से पूरे गांव का जल स्त्रोत खत्म हो गया है जिससे वहां का आजीविका बचाने के लिए बांध का पुनर्निर्माण का तत्काल प्रारंभ किया जाए। खैरवार आदिवासी विकास परिषद एवं सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो प्रभावित ग्राम वासियों एवं जन सामान्य व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज से अमित कुमार सिंह, खैरवार समाज से अमित कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, शिव कुमार सिंह, ठाकुर सिंह, उमेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।



मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### पांचवे दिन भी नहीं मिली बच्ची की लाश

लुत्ती बांध हादसे में कुल सात लोगों की मौत हुई है। इनमें से अब तक छह लोगों की लाश बरामद कर ली गई है। शनिवार को बुजुर्ग 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह का शव खेत में मिला था जबकि अभी भी लापता 3 साल की बच्ची वंदना सिंह की लाश नहीं मिल पाई है। बच्ची के लाश की तलाश गांव में जारी है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। एक साथ 7 लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## सीईओ ने शिक्षक दिवस पर 110 शिक्षकों को किया सम्मानित



**दरिमा।** शिक्षक दिवस पर भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रिमियम प्वाइंट पलक इंश्योरेंस व इन्वेस्टमेंट केंद्र के सीईओ अनिल कुमार गुप्ता के सौजन्य से होटल अनमोल रिसॉर्ट मैनपाट में किया गया। समारोह में क्षेत्र के 110 शिक्षकों को बीईओ योगशे साही, एबीईओ जॉनसन बड़ा, बीपीओ सत्य भगत, देवेंद्र पाण्डेय, कजेश घोष द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री साही ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान संगीत सहित विविध मनोरंजक कार्यक्रम हुए। अनिल कुमार गुप्ता ने अतिथियों एवं सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी ने एक साथ भोजन किया। अनिल कुमार गुप्ता भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता व निगम में गैलेक्सी क्लब मेंबर हैं तथा निगम द्वारा मिनी ऑफिस पलक इंश्योरेंस व इन्वेस्टमेंट केंद्र प्रिमियम प्वाइंट के सीईओ है। वे हर वर्ष शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित करते हैं।



## बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने अमृतसर पहुंचे सोनू सूद

**मुंबई।** पंजाब इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहा है। इस आपदा से कई परिवार प्रभावित हो चुके हैं। पंजाब की मदद के लिए कई एक्टर्स आगे आ रहे हैं और अपनी क्षमता अनुसार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अब सोनू सूद पीड़ित परिवारों की मदद के लिए अमृतसर पहुंच गए हैं। सोनू सूद ने कहा, 'मैं बागपुर, सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर, फाजिल्का, अजनाला जा रहा हूं और मैं चारों ओर जाकर स्थिति का पता लगाने की कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि आने वाले समय में, चूंकि पंजाब में अभी भी बारिश हो रही है। कई घर नष्ट हो गए हैं, लोगों की आजीविका बर्बाद हो गई है। इसलिए मैं पूरी मदद करने की कोशिश करूंगा और स्थानीय प्रशासन से उनकी जरूरतों की सूची लूंगा।'

**लाइफ Style**



# राशि
## खत्म की तेलुसु कडा की शूटिंग

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सिद्धू जोनालागड्डा और राशि खन्ना की आगामी फिल्म 'तेलुस कडा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए दी है और सभी क्रू सदस्यों को धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'तेलुसु कडा' की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने पांच तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वो अलग-अलग अंदाज में दिख रही हैं। साथ ही वह सीन समझकर उसे परफॉर्म करती नजर आ रही हैं और उसमें कैमरा, लाइट्स और एक्शन तीनों का संगम दिख रहा है। पोस्ट के कैप्शन में राशि खन्ना ने लिखा, 'कुछ कहानियां कैमरे बंद होने के बाद यूं ही खत्म नहीं हो जातीं, 'तेलुसु काडा' उनमें से एक है। प्यार, नुकसान और इन सबके बीच की हर चीज का सफर को आज मैं खत्म करती हूं। इस सफर में मेरे साथ चलने वाली सबसे बेहतरीन टीम का हमेशा आभारी रहूंगी। आप सभी के इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है, जिसे हमने बनाया है। आप सभी एक रोमांचक सफर के लिए तैयार रहें।' 'तेलुसु काडा' फिल्म में सिद्धू जोनालागड्डा के साथ-साथ राशि खन्ना और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल निभाती हुई नजर आएंगी। फिल्म की कहानी की बात करें तो इस फिल्म में परिवार, दोस्ती, आत्म-प्रेम, त्याग समेत कई सामाजिक पहलुओं पर बात होगी। इसका निर्देशन नीरजा कोना द्वारा किया जा रहा है।

**हॉलीवुड मसाला**




## टोरंटो महोत्सव में दिखाई गई शोले

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' के पुनर्स्थापित 4के संस्करण का प्रीमियर शनिवार को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 50वें संस्करण में हुआ। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान बॉबी देओल और इस फिल्म के निर्देशन रमेश सिप्पी शामिल हुए। अभिनेता बॉबी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रीमियर में हिस्सा लिया। उनके साथ फिल्म 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी, निर्माता शहजाद सिप्पी और फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर भी मौजूद थे।




## वुडी ने ट्रंप के साथ काम करने की जताई ख्वाहिश

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज फिल्ममेकर और चार बार ऑस्कर जीत चुके निर्देशक वुडी एलेन ने एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एलेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि अगर मौका मिले तो वो उन्हें दोबारा फिल्म में डायरेक्ट करना चाहेंगे। साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म सेलिब्रिटी में वुडी एलेन ने डोनाल्ड ट्रंप को खुद का किरदार निभाने का मौका दिया था। उस वक्त ट्रंप रियल एस्टेट की दुनिया के चर्चित बिजनेसमैन थे। फिल्म में उन्होंने एक छोटे से सीन में खुद को बड़े ही मजाकिया अंदाज में पेश किया था। वुडी एलेन ने हाल ही में कहा, 'ट्रंप का अंदाज और उनका शोबिज कौशल हमेशा उन्हें प्रभावित करता रहा। उनकी मानें तो सेट पर ट्रंप बेहद विनम्र, समय के पाबंद और कैमरे के सामने पूरी तरह तैयार रहते थे।'



## शेयर की हल्दी-आटे से बने बप्पा की झलक

**मुंबई।** हर साल श्रद्धालुओं से ईको फ्रेंडली बप्पा की मूर्ति घर लाने की अपील की जाती है। सितारे भी इसका पालन कर रहे हैं। इस बार अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा ने घर पर ही बप्पा की प्रतिमा को आकार दिया। राजकुमार ने हल्दी और आटे से खूबसूरत बप्पा की मूर्ति बनाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'गेहूं के आटे और हल्दी से बने हमारे गणपति से मिलिए। हमारे ईको फ्रेंडली बप्पा'। साथ में लिखा है, 'गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या'! अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को मोदक बेहद पसंद हैं। बप्पा के विसर्जन के दिन उन्होंने एक या दो नहीं, बल्कि छह मोदक खाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी वजह बताई है। श्रद्धा ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें एक प्लेट में छह मोदक रखे नजर आ रहे हैं।




## 'नायक' शाहरुख-आमिर को हुई थी ऑफर

**मुंबई।** अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की फिल्म 'नायकः द रियल हीरो' की रिलीज को 24 साल हो गए हैं। इस मौके पर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पहले शाहरुख खान और आमिर खान को ऑफर की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। मैं निर्देशक शंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। शाहरुख ने कहा था, यह किरदार अनिल के लिए ही था। ये पल हमेशा याद रहेंगे। नायक 1999 की तमिल फिल्म मुधलवन का रीमेक है। इस फिल्म में अनिल कपूर ने शिवाजी राव का किरदार निभाया है। यह कहानी शिवाजी राव (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द है, जो एक टीवी कैमरामैन और बाद में न्यूज प्रेजेंटर बनता है। उसे एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।

**टीवी मसाला**




## कुनिका की तान्या से हुई जबरदस्त लड़ाई...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 ऑडियंस की तरफ से जबरदस्त रिएक्शन मिल रहा है। शो में नजर आ रहे कंटेस्टेंट ने सिर्फ दो ही हफ्तों में अपनी अलग पहचान बना ली है। घरवालों में आपसी ग्रुप बन चुके हैं। जीशान, अमाल मलिक और बशीर का अपना एक ग्रुप है और तान्या मित्तल, कुनिका और नीलम का। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो कुनिका और तान्या का रिश्ता टूट चुका है। ताजा खबरों की मानें तो नए एपिसोड में इन दोनों के बीच जबरदस्त लड़ाई दिखाई जाएगी। बिग बॉस 19 की शुरुआत के दूसरे हफ्ते में तान्या, कुनिका और नीलम का ग्रुप बना था। कैप्टेंसी के टास्क से शुरू हुई इनकी दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। बिग बॉस खबरी के मुताबिक नए एपिसोड में दोनों के बीच तगड़ी लड़ाई दिखाई जाएगी। इस लड़ाई के बाद कुनिका कसम खा लेती हैं कि वो बिग बॉस में रहने के दौरान तान्या से कोई रिश्ता नहीं रखेंगी। वैसे हाल में भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। तान्या ने अपनी बात कुनिका के सामने रखी थी कि उन्हें सबके सामने किसी बात के लिए नहीं टोकना चाहिए। इसके बाद कुनिका ने उनसे बात नहीं करने को कहा था। लेकिन तान्या ने एक बार फिर कुनिका को उनका जबरा फैन बोलकर मना किया। अब फिर से लड़ाई हुई है और बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत करने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ घर में एक बड़ा हादसा टलने की खब भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर का कोई सदस्य गलती से गैस का स्विच ऑन करके भूल गया। जब सुबह ये बात घर के कैप्टेन बशीर को पता चली तो उन्होंने घरवालों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ये आज रात के एपिसोड में दिखाया जाएगा।

## कुरान में लिखा है हर धर्म का सम्मान

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अली गोनी चर्चा में हैं। बीते दिनों मुंबई में गणपति सेलिब्रेशन के दौरान उनकी गर्लफ्रेंड जैस्मीन भसीन 'गणपति बप्पा मोरिया'



बोल रही थीं, लेकिन उनके ही बगल में खड़े अली चुपचाप खड़े थे। इसको लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। ये भी चर्चा होने लगी कि जैस्मीन अपने बॉयफ्रेंड के लिए अबाया पहनकर मस्जिद गई थी, लेकिन अली उनके लिए गणपति का जयकारा नहीं कर सकते! अब इन सब बातों को लेकर उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे धर्म में इसकी इजाजत नहीं है। हम पूजा वगैरह नहीं करते हैं। हम नमाज पढ़ते हैं, दुआ करते हैं और हर धर्म का सम्मान करते हैं। ये हमारे कुरान में लिखा गया है और मैं वही करता हूं।' इसके अलावा अली ने जैस्मीन के अबाया पहनकर मस्जिद जाने को लेकर भी सच्चाई का खुलासा किया।

## 1979 की वो हॉरर फिल्म जिससे लोगों की असल लाइफ में फैला था डर

**नई दिल्ली।** 1979 में आई इस हॉरर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे नजर आए थे। इस फिल्म ने लोगों की असल लाइफ में डर का माहौल पैदा कर दिया था। इस फिल्म में उस दौर के कई बड़े सितारे- सुनील दत्त, संजीव कुमार, विनोद मेहरा, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय, रेखा, नीतू सिंह, अमरीश पुरी और जीतेंद्र जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म में संजीव कुमार ने दूसरी बार ठाकुर का रोल निभाया था। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम है जानी दुश्मन।

***फिल्म की बजट और कमाई*** : जानी दुश्मन का बजट करीब 1.3 करोड़ का था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 9 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि एक राक्षस है जो लाल जोड़ा पहने दुल्हनों को किडनैप करता है और उनकी हत्या कर देता है।

***फिल्म से बन गया था डर का माहौल*** : इस फिल्म की रिलीज के बाद कुछ गांवों में डर का ऐसा माहौल छा गया था कि दुल्हनें लाल रंग की जगह गुलाबी और नारंगी रंग का लहंगा पहनती थीं।



### संजीव कुमार नहीं करना चाहते थे फिल्म

संजीव कुमार पहले इस फिल्म को नहीं करना चाहते थे, क्योंकि वो शोले में एक बार ठाकुर का रोल निभा चुके थे। वो टाइप कास्ट नहीं होना चाहते थे। हालांकि, जब उन्होंने फिल्म का नरेशन सुना तो उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई और उन्होंने फिल्म के लिए हां कहा।

***राज कुमार कोहली ने की थी डायरेक्ट*** : जानी दुश्मन को राज कुमार कोहली ने डायरेक्ट किया है। वहीं, फिल्म को इंद्र राज आनंद, हकीम रियाज लता और जग्गी रामपाल ने लिखा था।इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.1 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

## अनुपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का जीता पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जहां एक तरफ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया। वहीं, ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को भी पुरस्कार मिला। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चला और इसमें दुनियाभर की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया।

***जिम जरमश को गोल्डन लॉयन*** : इस बार गोल्डन लॉयन अवॉर्ड यानी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब अमेरिकी निर्देशक जिम जरमश की फिल्म 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' को दिया गया। पुरस्कार लेते वक्स जरमश ने कहा कि सिनेमा उनके लिए प्रतियोगिता नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का जरिया है। उन्होंने वेनिस को कला और इतिहास से जुड़ा शहर बताते हुए इसे अपना दूसरा घर कहा।

***बेनी सैफ्दी और ड्वेन जॉनसन की जीत*** : इसके अलावा बेनी सैफ्दी की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने सिल्वर लॉयन का खिताब हासिल कर लिया। इस फिल्म ने



सिल्वर लॉयन (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक) का अवॉर्ड जीता। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन ने मुख्य भूमिका निभाई। अवॉर्ड लेने के बाद सैफ्दी ने कहा कि उनकी फिल्म सहानुभूति और संवेदनशीलता को दर्शाने का प्रयास है और यही गुण आज की दुनिया के लिए सबसे जरूरी हैं। उन्होंने जॉनसन को अपना साथी और भाई कहकर सम्मानित किया।

***गाजा पर आधारित फिल्म*** : इस बार की ग्रैंड ज्यूरी प्राइज से सम्मानित हुई कौथर बेन हानिया की फिल्म 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब'। यह फिल्म गाजा में मारी गई पांच वर्षीय बच्ची की सच्ची घटना पर आधारित है। निर्देशक ने यह अवॉर्ड गाजा के रेड क्रिसेंट और राहत दलों को समर्पित किया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि हिंद की आवाज पूरी दुनिया ने सुनी लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और सिनेमा उस आवाज को जीवित रखने का जरिया बनेगा।

***'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए मिला अवॉर्ड*** : भारत के लिए इस बार का वेनिस फिल्म फेस्टिवल बेहद खास रहा। निर्देशक अनुपर्णा रॉय ने 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए ओरिजोंटी सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। यह फिल्म मुंबई की दो प्रवासी महिलाओं की कहानी कहती है, जो अकेलेपन और संघर्ष के बीच रिश्तों और उम्मीदों को तलाशती हैं। यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान है।

### हॉलीवुड से होती थी तुलना, पर बगावत से लटक गया ताला

# वो भारतीय फिल्म स्टूडियो, जहां लैब टेक्नीशियन भी बना सुपरस्टार

***नई दिल्ली।** भारत को 20 सालों तक 40 फिल्में और अशोक कुमार, दिलीप कुमार और मधुबाला जैसे स्टार्स देने वाला वो स्टूडियो, जिसे कभी हॉलीवुड की तर्ज पर बनाया गया था। उसका अस्तित्व तीन लोगों की बगावत के कारण मिट्टी में मिल गया। आज वो जगह खंडहर बन गई है, जहां पर काम करके कोई लैब टेक्नीशियन से देश का पहला स्टार बना था और तो पहली 'ब्लॉकबस्टर' फिल्म भी मिली थी, जो थिएटर में करीब 3 सालों तक चली थी। हम बात कर रहे हैं मुंबई के पहले फिल्म स्टूडियो 'बॉम्बे टॉकीज' की, जिसे 1934 में हिमांशु राय, निरंजन पाल, बिपिन चंद्र पाल और देविका रानी ने शुरू किया था। लेकिन 1953 में ये बंद हो गया था और यहां से बनी आखिरी फिल्म 1954 में रिलीज हुई थी। और इसके बंद होने के पीछे किसी बाहरी का नहीं, बल्कि अंदर के ही उस लैब टेक्नीशियन का हाथ था, जिसे हिमांशु राय ने हीरो बनाया था।*

### हिमांशु राय की कहानी

बॉबे टॉकीज ने ही बॉलीवुड फिल्मों में गाने, ड्रामा, रोमांस जैसी चीजों की बुनियाद रखी थी, जिससे आज तक इंडस्ट्री में ब्लॉकबस्टर्स बन रही हैं। ये भारत का पहला कॉर्पोरेट फिल्म स्टूडियो था, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स थे। जिसका नाम स्टॉक एक्सचेंज में भी शामिल था। हिमांशु राय, जो अमीर बंगाली परिवार में जन्मे थे, उन्होंने इसकी शुरुआत की, जब वह कानून की डिग्री के लिए लंदन गए थे। हालांकि वहां पर उनको थिएटर का चस्का लगा और वह नाटकों में एक्ट करने लगे। यहीं पर निरंजन पाल से मुलाकात हुई, जो कि एक नाटककार थे और फ्रीडम फाइटर बिपिन चंद्र पाल के बेटे थे।

### लंदन में बनाई फिल्में

इधर, अभिनय का जादू ऐसा चढ़ा कि हिमांशु राय ने अपनी पढ़ाई-लिखाई छोड़ी और एक थिएटर ग्रुप ही तैयार कर लिया। और फिर वह उनके साथ ब्रेटेन में अलग-अलग जगह शोज करने लगे। इसके बाद उनके मन में फिल्में बनाने का ख्याल आया। वह भारतीय समाज की असलियत दिखाना चाहते थे। लेकिन उसमे वह एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहते थे। उन्होंने गौतम बुद्ध की कहानी पर आधारित फिल्म 'द लाइट ऑफ एशिया' बनाने का फैसला किया, जो कि एक मूक फिल्म थी। स्क्रिप्ट निरंजन पाल ने लिखी और जर्मनी के एमेल्का स्टूडियोज ने इसे को-प्रोड्यूस किया। फिल्म में गौतम बुध का रोल हिमांशु ने किया और 1925 में इसे इंटरनेशनल लेवल पर रिलीज किया गया। सबने पसंद किया।



**कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली बना सुपरस्टार** : 'बॉम्बे टॉकीज' ने फिल्में बनानी शुरू कीं। पहली 1935 में बनीं, जिसका नाम था 'जवानी की हवा' और कास्ट किया गया देविका और नजमुल की, जिनकी जोड़ी हिट हो गई। इसके बाद जब दोनों एक्टर्स का नाम जुड़ने लगा तो हिट ने लैब टेक्नीशियन कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली को अपनी अगली फिल्म का हीरो चुना। और यही सुपरस्टार बने। क्योंकि इसका नाम फिल्मों में अशोक कुमार रख दिया गया था। इन्होंने 'जीवन नैया', 'अछूत कन्या' जैसी फिल्में कीं और सभी एक से बढ़कर एक सुपरहिट रहीं। उनके अपोजिट देविका को कास्ट किया गया। इस स्टूडियो से हर साल तीन फिल्में बनती थी और सभी हिट होती थीं।

**'बॉम्बे टॉकीज' की स्थापना कैसे हुई?**: हिमांशु ने देविका के साथ फिल्म 'कर्मा' बनाई। उन्हें हीरोइन के तौर पर दुनिया के सामने पेश किया। इसमें ही दोनों का वो सबसे लंबा किसिंग सीन था, जिसकी चर्चा आज भी होती है। 1933 में ये लंदन में अंग्रेजी भाषा में रिलीज हुई और एक्ट्रेस की तारीफ हुई। दोंनों भारत आए और 1934 में इसे भारत में रिलीज किया, जहां ये फ्लॉप हो गई। इसके बाद हिमांशु ने हॉलीवुड की तर्ज पर भारत में एक स्टूडियो बनाने का फैसला किया। उनके आइडिया में मुंबई के नामी बिजनेसमैन राजनारायण दुबे ने पैसा लगाया और 'बॉम्बे टॉकीज लिमिटेड' तैयार हो गया, जो साउंडप्रूफ शूटिंग फ्लोर, एडिटिंग रूम्स और प्रिव्यू थिएटर मॉडर्न स्टूडियो से लैस था।

**15 साल छोटी देविका रानी से शादी** : हिमांशु राय की बनाई जा रही फिल्में जर्मनी और ब्रिटेन में तो हिट हो रही थीं। लोग पसंद कर रहे थे लेकिन भारत में उसे अच्छा रिस्पॉन्स नही मिल रहा था, जिससे वह निराश हो रहे थे। खैर। इनकी मुलाकात लंदन के आर्ट स्टूडियो में देविका रानी से हुई। वह उन्हें पहली नजर में ही अच्छी लगने लगीं। हालांकि हिमांशु की पत्नी थी। उन्होंने मैरी हेनलिन से शादी की थी और उनसे एक बेटा भी हुआ था। वह एक एक्ट्रेस और डांसर थीं। मगर 'ए थ्रो ऑफ डाइस' के सेट पर काम करते हुए उन्हें देविका से प्यार हुआ और उन्होंने 1929 में उनसे शादी कर ली थी।

## खबर संक्षेप

### अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू

**रायगढ़।** दीपावली पर्व 2025 के दृष्टिगत अस्थायी पटाखा लाइसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों के लिए जिला प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक व्यक्ति 08 से 17 सितम्बर तक लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित लोक सेवा केंद्र से किया जा सकता है। आवेदन के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक है। जैसे निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति, साइट मैप नजरी नक्शा, स्वयं का एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, 600 रुपए का चालान 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60.अन्य प्राप्तियां, 103.विस्फोटक पदार्थों के लिए शीर्ष में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं ग्राम पंचायत नगरीय प्रशासन का अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के उपरांत प्राप्त पावती के साथ सभी दस्तावेज लाइसेंस शाखा कक्ष क्रमांक 33 में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### प्रयास विद्यालय को मॉडल बनाने के लिए करें कार्य

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी रायगढ़ स्थित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसे मॉडल विद्यालय बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### जशपुर की मिट्टी से ..

जनजातीय पृष्ठभूमि से आते हैं। इनके साहसिक कदम यह दिखा रहे हैं कि गांवों और जंगलों की धरती से निकला युवा भी दुनिया की सबसे कठिन चोटियों को छू सकता है। यह अभियान पूरे जिले और प्रदेश के युवाओं के लिए एक जीवंत उदाहरण है कि सपनों की उड़ान किसी सीमाओं को नहीं मानती। यह अभियान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साहसिक खेलों को बढ़ावा देने और जनजातीय युवाओं को अवसर दिलाने की नीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने टीम को रवाना होने से पहले अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। राज्य सरकार और प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से यह टीम हिमालय की ओर रवाना हुई है। इस अभियान में स्पेन, अमेरिका और भारत के विश्व-स्तरीय पर्वतारोहियों और गाइड्स का मार्गदर्शन मिलेगा। टीम बर्फीली चोटियों, ग्लेशियर और चट्टानों पर चढ़ाई के साथ-साथ नए पर्वतारोहण मार्ग खोलने की दिशा में भी प्रयास करेगी। यह अनुभव आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रोफ़ेशनल एडवेंचर स्पोर्ट्स और साहसिक पर्यटन की दिशा में मजबूत बनाएगा। यह अभियान जशपुर और छत्तीसगढ़ के हजारों युवाओं को यह विश्वास दिलाएगा कि साहसिक खेलों में भी करियर और पहचान बनाई जा सकती है। टीम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन का संदेश भी हिमालय तक लेकर जाएगी। यह केवल एक चढ़ाई नहीं, बल्कि जनजातीय शक्ति, मुख्यमंत्री का विजन, पर्यावरणीय संदेश और रोमांच का संगम है जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगा कि हिमालय ही नहीं, उनके सपने भी हिमालय से ऊंचे और बुलंद हैं।

### जिले के छात्रावास ...

के विभागीय निर्देशों के तहत कलेक्टर दर और दैनिक वेतनभोगियों को नियमितीकरण का लाभ मिलना चाहिए। बावजूद इसके जशपुर जिले में अब तक 439 कलेक्टर दर और लगभग 195 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी केवल अस्थायी स्थिति में काम करने को मजबूर हैं।

---

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की ली समीक्षा बैठक

# ग्राम पंचायतों में पलायन पंजी का करें संधारण : कलेक्टर

**समस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारियों की समीक्षा करते हुए पलायन पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा, जिसके तहत काम के लिए बाहर जाने वालों की पूर्ण जानकारी संकलित कर उनके कल्याण के लिए योजना निर्माण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायतों में पलायन पंजी नियमित रूप से संधारित करने को कहा, ताकि किसी भी व्यक्ति को बाहर के राज्य में यदि को समस्या हो तो उन्हें त्वरित राहत उपलब्ध कराई जा सके और बंधुआ मजदूरी जैसी परिस्थिति से लोगों को बचाया जा सके।

पंजी में श्रमिक का नाम, दूरभाष नं., गंतव्य पूर्ण पता, नियोक्ता की जानकारी दर्ज अवश्य करवाने को कहा। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को जिले में वित्तीय समावेशन को तीव्र गति से संचालित करते हुए प्रत्येक ग्राम के शत प्रतिशत लोगों को बैंकिग सेवाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए बैंकों की शाखाओं को खोलने के लिए ऐसे ग्राम जहां आस पास बैंक नहीं है उन्हें चिन्हित करने को कहा। उन्होंने एटीएम,



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

ग्राहक सेवा केंद्र की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए शासन की हितग्राहीमूलक योजना जैसे मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना आदि का युवाओं को लाभ देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों को केसीसी द्वारा अल्पकालीन ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को खदान नियमों के उल्लंघन की नियमित जांच कर उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेत खदानों से अवैध तरीके से रेत निकालने वालों पर कार्रवाई करने एवं अवैध परिवहन रोकने को कहा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को शासकीय भूमि से बेजा कब्जा हटाने, नगरीय निकायों के कृष्ण कुंज, मधुबन वाटिका एवं नर्सरी की सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को पर्यटन के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषणा किये गए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। कलेक्टर ने जिले के वन धन केंद्रों एवं बहुउद्देश्यीय केंद्रों में आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ वन ग्रामीण में सड़क निर्माण के लिए पीएमजीएसवाई के साथ मिलकर कार्य करने को कहा। उद्योग विभाग के अधिकारियों को जिले में उद्योगों का रजिस्ट्रेशन करने एवं जिले में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कम्पनी स्थापना, उसके लिए आवश्यक अनुज्ञप्तियों, जीएसटी रजिस्ट्रेशन, कम्पनी रजिस्ट्रेशन आदि की जानकारी युवाओं को कॉलेजों एवं कार्यालय में कार्यशाला आयोजित कर प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने को कहा।

इसके लिए चार्टर अकॉउंटेन्ट, टैक्स कंसल्टेंट, जीएसटी कंसल्टेंट एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श की व्यवस्थास करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को व्यवहारिक विषयों में ट्रेनिंग देने के लिए कौशल विकास विभाग को निर्देश दिए। इसमें योग प्रशिक्षक, लैब टेक्नीशियन आदि कोर्स को भी शामिल करने के सुझाव दिए। युवाओं को एआई जैसे नवीन तकनीकों के ज्ञान के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान करने को कहा। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित खनिज विभाग, श्रम विभाग, अंत्यावसायी निगम, वन विभाग, कौशल विभाग, लाइवलीहुड कॉलेज के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



# एसडीएम ने ली संकुल समन्वयकों प्रधान पाठकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शैक्षिक गुणवत्ता स्तर में सुधार हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विश्वास राव मस्के की अध्यक्षता में विकासखंड-जशपुर एवं मनोरा के सभी संकुल समन्वयकों एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों की बैठक स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा यशस्वी जशपुर के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश को पुनः स्मरण कराते हुए बैठक के उद्देश्यों एवं उसके क्रियान्वयन पर समीक्षा करते हुए 3 से 8 के सभी बच्चों में अक्टूबर 2025 तक पठन कौशल में दक्ष करने हेतु लक्ष्य दिया गया। शुद्ध लेखन को नियमित कराने एवं मूल्यांकन कार्य को ईमानदारी से करते हुए कम अच्छे बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण कराने की बात कही तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु अपील की गई।



**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा एजेंडावार समीक्षा**

शिक्षक को अपने विषय की पूरी जानकारी रखने के साथ गुणवान होना चाहिये। कक्षाओं में सभी बच्चों को समान नज़र एवं व्यवहार से आंकने तथा एक अच्छा संबंध बनाते हुए आत्मविश्वास पैदा करने हेतु कहा गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक के बच्चों के मासिक मूल्यांकन के आधार पर कम अच्छे बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गये। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा सुदर्शन पैकरा बीआरसी जशपुर अजय चौबे, बीआरसी मनोरा तरूण कुमार पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी टुमनु गोसाई उपस्थित थे।

---

# वन धन केंद्र संचालन के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देशन एवं डीएफओ शशी कुमार के मार्गदर्शन में मनोरा विकासखण्ड में वन धन केंद्र मनोरा का संचालन करने के लिए महिला लीडरों एवं बिहान समूह की महिलाओं विशेषकर पहाड़ी कोरवाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

विशेष पहाड़ी कोरवाओ के आर्थिक स्थिति में सुधार करने साथ में प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखते हुए आजीविका एवं लाभ प्राप्त करने हेतु उपायों पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि बिहान और वन



बिहान समूह की एक दिवसीय प्रशिक्षण।

विभाग के सहयोग से वन धन केंद्र का संचालन किया जाएगा। जिसमें विभाग के साथ जुड़ कर कार्य कर रहे संस्थाओं का सहयोग रहेगा। मनोरा विकास खंड के सभी गांवों के महिला समूहों, वन प्रबंधन समिति और अन्य संस्थाओं के सहयोग से क्षेत्रों में लगातार प्रशिक्षण आयोजित कर उन्हें लाभान्वित एवं जागरूक किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में बिहान की 35 दीदियों के साथ-साथ वन विभाग से प्रबंधक एफईएस से जागेश्वर पटेल, दर्पण संस्था से मधुलता पैंकरा, लोचन यादव, जशपुर जन विकास संस्था से मालती तिर्की एवं उनके कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में तकनीकी एवं फाइनेंशियल सपोर्ट एफईएस रायपुर द्वारा किया गया।

### बगीचा में किसानों को किया गया आलू बीज का वितरण

**जशपुरनगर/ महादेवडांड़।** जिले के बगीचा विकासखंड में किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय उद्यान रोपणी बुढ़ाडांड, बगीचा में रविवार को आलू बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 40 किसानों को प्रति एकड़ 8 क्विंटल आलू बीज का वितरण किया गया। किसानों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। किसानों ने कहा कि सरकार की योजनाओं से खेती का स्वरूप बदल रहा है और समय पर बीज मिलने से उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। किसान खुशहाल तो प्रदेश खुशहाल – अरविंद गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बगीचा के उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने कहा माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक और योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश भी खुशहाल होगा।

---

# आरओबी का श्रेय लेने पर ओपी ने विपक्ष की खिंचाई करते पूछा, पांच साल में क्या किया?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया में आरओबी निर्माण पर विपक्ष द्वारा श्रेय लिए जाने एवं लगातार हो रहे धरने आंदोलनों को लेकर मंच से विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विपक्ष की जमकर खिंचाई की। मुख्यमंत्री साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी में ओपी ने तीखे स्वर में कहा आर ओ बी निर्माण को लेकर तरह तरह के आरोप प्रत्यारोप सामने आ रहे है।

ओपी ने कहा बिना दोहराए खरसिया की जनता को बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से खरसिया में कांग्रेस का ही नेतृत्व रहा। पचहत्तर साल का समय आर ओ बी बनाने के लिए कम पड़ गया पिछले 5 साल तक कांग्रेस की सरकार रही। इन पांच सालों में आर ओ बी का काम नहीं करा पाए। विपक्ष के दावे की पोल खोलते हुए ओपी ने कहा विपक्ष का दावा है कि आर ओ बी को लेकर एस्टीमेट, डीपीआर, टी एस सर्वे का काम



■ खरसिया की सभा में मुख्यमंत्री मंत्री की उपस्थिति में विपक्ष पर जमकर बरसे ओपी चौधरी

विपक्ष ने कराया। बजट में शामिल कराते हुए प्रशासकीय स्वीकृति दिलवाई। इस तरह कार्यवाही को हास्यास्पद बताते हुए ओपी ने कहा उनके जीवन का 13 साल प्रशासकीय सेवा में गुजरा है इस मंच के माध्यम से उन्होंने विपक्ष से बड़ा सवाल करते हुए पूछा आर ओ बी की एक ईंट पांच साल में लगी हो या एक रुपया खर्च किया हो तो खरसिया की जनता को यह बताना चाहिए। पिछले नगर पालिका चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि भारतीय जनता पार्टी के कमल गर्ग की भारी मतों से विजयी बनाए। भाजपा आर ओ बी बनाएगी। जनता ने हमे आशीर्वाद दिया और हमारी सरकार बनते ही यह काम शुरू होने जा रहा है। ओपी ने विपक्ष की भूमिका को सवालों को कटघरे में खड़े करते हुए पूछा विकास के लिए 5 साल कम पड़ गए। सत्ता जाते ही विकास के लिए धरना आंदोलन करने वाले जवाब दे कि सत्ता में रहते 5 सालो में विकास के लिए क्या प्रयास किए गए। खरसिया की जनता इस बात का जवाब विपक्ष से चाहती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साहू की मौजूदगी में खरसिया की जनता को विश्वास दिलाते हुए ओपी चौधरी ने कहा आने वाले दिनों में आर ओ बी का काम तेजी से शुरू होगा और इसके अलावा जब जब विकास कार्यों की आवश्यकता होगी भाजपा खरसिया की जनता के साथ खड़ी नजर आएगी भाजपा विकास के लिए कोई राजनीति नहीं करती बल्कि विकास की राजनीति करती है।

---

# आयुष्मान भारत योजना से मिला नया जीवन

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरकार की पहल से आज गंभीर बीमारियों से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल रहा है। भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रही है। इसी योजना से जिले के पुरानी टोली निवासी वीरेंद्र खाखा (46 वर्ष) को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निजात मिली। वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते हैं और मजदूरी कर घर चलाते हैं। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं, ऐसे में महँगे इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं था। लेकिन आयुष्मान कार्ड की मदद से उनका



डॉक्टर लक्ष्मीकांत।



मरीज वीरेंद्र खाखा।

पूरा इलाज जिला अस्पताल में निःशुल्क हुआ। आज वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। वीरेंद्र खाखा बताते हैं "करीब 9–10 महीने पहले मेरे मुंह में घाव हुआ था। पहले तो मैंने सोचा साधारण घाव होगा, लेकिन ठीक नहीं हुआ। तब मैं जिला अस्पताल जशपुर पहुंचा। वहां डॉक्टर साहब ने जांच कर रायपुर भेजा। रायपुर मेकाहारा में पता चला कि कैंसर है। शुरुआत में तो बहुत डर लगा कि अब क्या होगा और खर्च कैसे उठाऊंगा। रायपुर में दो कीमोथेरेपी हुई, लेकिन बार-बार जाना मेरे लिए मुश्किल था। फिर डॉक्टर लक्ष्मीकांत आपट ने कहा कि बाकी इलाज यहीं हो सकता है।



### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हो रहा आर्थिक बचत

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत हो रही है, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान मिल रहा है। यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और आम उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बन रही है। जिले के पत्थलगांव विकासखंड निवासी सुभाष मिंज ने अपने घर में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया है। योजना का लाभ लेने के बाद उनके मासिक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है।

---

# खरसोता की छात्राओं को साइकिल वितरण

**जशपुरनगर।** मनोरा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसोता में प्राचार्य तिन्तियुस टोप्पो के मार्गदर्शन में छग शासन के निर्देशानुसार निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें दिनेश्वर प्रधान, पूर्व बीबीसी एवं संजय भगत, एसएमडीसी सदस्य की उपस्थिति में 23 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया गया।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा प्यारे बच्चों शिक्षा एक ऐसा साधन है जो आपको हर विषम



छात्राओं को सायकल वितरण करते स्कूल के प्राचार्य।

परिस्थितियों में साथ देगा। सायकल मिलने से अब आप लोगों को विद्यालय नियमित आने में, पढ़ाई जारी रखने में सहायक होगा। मुझे विश्वास है कि आप सभी अच्छा पढ़ कर विद्यालय और अपने गांवों का गौरव बढ़ाएंगे। विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9 वीं के छात्रा- कु. संतोषी भगत, अंसवंति बाई, विश्व भारती बाई, दीपिका बाई, राधिका बाई, खुश्बू बाई, सुहाना ईंदवार, साक्षी बाई, मोनिका प्रधान, सपना ओहदार, सुगंती बाई, हिना ओहदार, रंजीता बाई, अस्वंती भगत, प्रतिमा भगत, बुधनी बाई, अनिता बाई, विपाशा बाई, संजनी बाई, नव्या भगत, अनुप्रिया, विक्रांती बाई, रिंकी बंजारे, हमीदा खातुन, प्रिया बाई, रविना बाई, सविस्ता खातुन, रुपैया खातुन को सायकल दिया गया। सायकल पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर व्याख्याता श्रीमती निर्मला भगत, श्रीमती जगमईत भगत, सरस्वती सायकल योजना के प्रभारी दिनेश कुमार राम, रोपना उरांव, अजित मिश्रा, मीना भगत, बीना कुजूर, अभिभावक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे। सभी ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता शुभंकर को किया लोकार्पित**

# अप्पू राजा सुघ्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की बनेगा पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह के अंतिम दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर निगम रायगढ़ में अभिनव पहल स्वच्छता जागरूकता के शुभंकर अप्पू राजा लोकार्पित किया। इस पहल का उद्देश्य श्सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की परिकल्पना को मूर्त रूप देना और शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, महापौर जीवर्धन चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और



नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि रायगढ़ को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने की दिशा में सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ एक नया अध्याय जोड़ेगा। यह पहल न केवल स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि शहरवासियों में जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करेगी। स्वच्छता तभी स्थायी होगी, जब इसे आदत और संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान रायगढ़ को प्रदेश के आदर्श शहरों की श्रेणी में स्थापित करने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

नगर निगम रायगढ़ के आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि लंबे समय से शहर में सफाई और कचरा प्रबंधन की दिशा में व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। सघन सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, सौंदर्यीकरण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को गति देने के सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ पहल शुरू की गई है। विदित है कि रायगढ़ नगर निगम द्वारा शहर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बेहतर करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में जब से स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत हुई है तब से रायगढ़ नगर निगम की रैंकिंग देखें तो इस वर्ष सबसे अच्छी रैंकिंग रही है। शुभंकर अप्पू राजा की शुरुआत शहर में स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के भाव को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। ताकि अगले वर्ष रायगढ़ को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 शहरों में शामिल करवाया जा सके।

### कौन है शुभंकर अप्पू राजा

रायगढ़ जिले की पहचान हाथियों से है इससे प्रेरित होकर ही प्रतीकात्मक रूप से छोटे हाथी के स्वरूप को स्वच्छता जागरूकता के शुभंकर के रूप में चुन कर अप्पू राजा नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष में नगरीय प्रशासन विभाग के स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु सुग्घर रईगढ़ आरूग रईगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए आम जनमानस को स्वच्छता के संबंध में जागरुक करने में शुभंकर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कर कमलों द्वारा 5 सितंबर को चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम के दौरान किया गया।

